**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-16 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 16 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मथुरा में वृन्दावन विकास प्राधिकरण की स्वीकृत कालोनियों में विद्युत संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान कराये जाने हेतु डा0 संजय लाठर तत्कालीन नेता विरोधी दल, विधान परिषद उ0प्र0 का पत्र संख्या-78/ने0वि0द0/वि0प0, दिनांक 21 अप्रैल, 2022 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र में किन-किन समस्याओं का उल्लेख किया गया है ? | उक्त पत्र जनपद-मथुरा में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की स्वीकृत निम्नलिखित कालोनियों पुष्पांजलि कालोनी, आनन्दवन फेस-1, फेस-2 प्रगति कुन्ज एवं आनन्द नगर आदि में विद्युत आपूर्ति औरंगाबाद ग्रामीण फीडर से देने, बिल शहरी दर से लिये जाने एवं उक्त कालोनियों में भूमिगत विद्युतीकरण कराकर शहरी फीडर से विद्युत सुनिश्चित करने के संबंध में है। |
| (ग) क्या उक्त पत्र में किये गये अनुरोध पर कार्यवाही करा दी गई है ? | जी हाँ। <br> उक्त कालोनियों की विद्युत आपूर्ति वर्तमान में 33/11 के0वी0 नवादा विद्युत उपकेन्द्र से निर्गत 11 के0वी0 भगवाननगर शहरी फीडर से हो रही है चूँकि उक्त फीडर से |

शहरी विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अतः शहरी दर से बिल लिया जा रहा है। बरसात के मौसम में आंधी एवं पानी के कारण इन कालोनियों में ब्रेक डाउन होने के कारण विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित हुई थी। जिसको तत्काल ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गयी। उपरगामी लाइनों को भूमिगत करने हेतु अत्यधिक धन की आवश्यकता होती है। वर्तमान में उपरगामी लाइनों को भूमिगत करने की कोई योजना नहीं है।

| | |
|---|---|
| (घ) यदि नहीं, तो उक्त पत्र पर कब तक कार्यवाही करा दी जायेगी ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए0के0 शर्मा
ऊर्जा मंत्री।